# भा॰ वा॰ अ॰ शि॰ प॰ - वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून
## राष्ट्रीय गीत “वंदे मातरम” की 150वीं वर्षगांठ के संबंध में आयोजन
## [07-11-2025]

भारत के प्रसिद्ध साहित्यकार श्री बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय के द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत “वन्दे मातरम” की इस वर्ष भारत देश में 150वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। इसी संदर्भ में विस्तार प्रभाग, वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून द्वारा संस्थान के दीक्षांत गृह में संस्थान की निदेशक महोदया डॉ॰ रेनू सिंह, भा॰ व॰ से॰ की उपस्थिति में इस विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विस्तार प्रभाग की प्रमुख श्रीमती ऋचा मिश्रा ने निदेशक महोदया तथा दीक्षांत गृह में उपस्थित सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय, देहरादून के छात्र छात्राओं का स्वागत किया। उन्होने अपने स्वागत सम्बोधन में कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की एवं वन्दे मातरम के इतिहास और उसको राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता दिये जाने के बारे में सभा को अवगत कराया। इस अवसर पर वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय, देहरादून के छात्र छात्राओं ने मंच से राष्ट्रीय गीत “वन्दे मातरम” गाया। छात्र छात्राओं के साथ - साथ निदेशक महोदया व दीक्षांत गृह में उपस्थित सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों व अन्य छात्र छात्राओं ने भी राष्ट्रीय गीत गाया। कार्यक्रम के दौरान डॉ॰ चरण सिंह, वैज्ञानिक-एफ ने मंच संचालन किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की इसी कड़ी में निदेशक महोदया के नेतृत्व में संस्थान परिसर में बृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय, देहरादून के छात्र छात्राओं सहित लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती ऋचा मिश्रा, प्रमुख, विस्तार प्रभाग तथा विस्तार प्रभाग की टीम में शामिल डॉ॰ चरण सिंह, वैज्ञानिक-एफ तथा सहायक कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

# कार्यक्रम की झलकियाँ












